अवार्ड्स व उपलब्धियां

# रुक्मणी बिरला हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने की सफल सर्जरी

## मुंह के कैंसर का कमांडो सर्जरी से किया इलाज
## जबड़े व गले तक पहुंच गया था कैंसर










जयपुर। दो साल से मुंह में कैंसर से अनजान मरीज की सही समय पर सर्जरी कर उसे बचा लिया गया। मुंह का कैंसर इतना बढ़ चुका था कि गले तक फैल गया था। शहर के रुक्मणी बिरला हॉस्पिटल के ईएनटी विभाग की टीम ने कमांडो नाम की जटिल सर्जरी कर मरीज का कैंसर ट्यूमर निकाला और उसे नया जीवन दिया। हॉस्पिटल के ईएनटी सर्जन डॉ. विजय शर्मा, डॉ. राहुल नाहर और डॉ. शिवम शर्मा ने इस जटिल सर्जरी को अंजाम दिया।

**दो साल से मुंह का कैंसर**

डॉक्टर्स ने बताया कि बीमार व्यक्ति को पिछले दो साल से मुंह का कैंसर था जिसके बारे में उसे पता तक नहीं था। मुंह के छाले के इलाज के लिए वह जगह -जगह गया लेकिन उसके ठीक न होने पर उसने यहां रुक्मणी बिरला हॉस्पिटल के ईएनटी विशेषज्ञों से परामर्श लिया। मरीज की बायोप्सी की गई तो उसमें कैंसर की पुष्टि हुई।

**6 घंटे तक चली जटिल सर्जरी**

इलाज के लिए मरीज की सर्जरी करने का निर्णय लिया गया। डॉ. विजय शर्मा , डॉ. राहुल नाहर एवं डॉ. शिवम शर्मा के साथ प्लास्टिक सर्जन डॉ. अमरीश गुप्ता भी इस सर्जरी में शामिल हुए। डॉक्टर्स ने करीब छह घंटे की सर्जरी में मरीज के जबड़े व गले में से कैंसरस ट्यूमर को निकाला और गाल व जबड़े को दोबारा जोड़ दिया। ऑपरेशन में मरीज का आधा जबड़ा और गर्दन में से गांठ निकाली गई। निकले हुए हिस्से को छाती की त्वचा लेकर जबड़े के हिस्से पर लगाया गया। ( PMMC Flap)

**सर्जरी में थी काफी चुनौतियां**

डॉ. विजय ने बताया कि इस ऑपरेशन में काफी चुनौतियां होती हैं। इसमें कंधे की नस, बोलने की नसें, श्वास नली और भोजन नली के क्षतिग्रस्त होने का खतरा होता है। इसीलिए सर्जरी के दौरान धैर्य से इन्हें बचाते हुए कैंसर से ग्रस्त हिस्से को निकालना होता है। ऑपरेशन के बाद मरीन को 24 घंटे के लिए आईसीयू में रखा गया। केस को सफल बनाने में डॉ. अतुल पुरोहित, डॉ. रुचि एवं डॉ. अमित का खास सहयोग रहा।

**विश्व में मुंह के कैंसर के सबसे अधिक मामले भारत में**

डॉक्टर्स ने जानकारी दी कि भारत में सभी प्रकार के कैंसर रोग में 30 से 40 प्रतिशत मामले मुंह और गले के कैंसर के होते हैं। विश्व में हर साल मुंह के कैंसर के सबसे ज्यादा केस भारत में पाए जाते हैं। यदि कोई भी मुंह का छाला जो 2 हफ्ते से ज्यादा समय तक दवाइयों से ठीक नहीं हो रहा है तो मरीज को कैंसर की जांच करवानी चाहिए।

# जयपुर स्थित राजेश टोयोटा के शोरूम पर पांचवी जनरेशन की पहली कार वेलफायर की डिलीवरी



विश्व की लोकप्रिय कार निर्माता कंपनी टोगोरा किनों मोटर्स के द्वारा जयपुर में एम पी वी श्रेणी की नयी कार टोयोटा वेलफायर की डिलीवरी दी गयी। यह भारत में पाचवी जनरेशन की पहली प्रबंध निदेशक श्री शार्विक शाह के द्वारा क्लासिक में जेसकी डिलीवरी जयपुर के विश्वसनीय डीलर राजेश टोयोटा के शोरूम पर राजेश टोयोटा के प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री कुमार विकल्प जी को दी गयी।

नयी टोयोटा बेलफायर सेल्फ चार्जिंग स्टू हाइब्रिड इलेक्ट्रिक मॉडल को शून्य उत्सर्जन मोड पर 40 प्रतिशत दूरी और 60 प्रतिशत समय तक चलने में सक्षम माना जाता है। कंपनी का दावा है कि यह 19.28 किमी प्रति लीटर का माइलेज देती है। यह मॉडल ब्रांड के टीएनजीए प्लेटफॉर्म पर आधारित है जो बेहतर सवारी क्षमता के लिए एडवांस्ड सस्पेशन सिस्टम के साथ आता है।

स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड मॉडल में 25 लीटर इनलाइन 4 सिलेंडर डीओएचसी इंजन मिलता है, जो 142 किलोवाट का अधिकतम पावर आउटपुट और 240 एनएम का अधिकतम टॉर्क जेनरेट करता है। को इलेक्ट्रिक मोटर और हाइब्रिड बैटरी के साथ जोड़ा गया है, जिससे कम उत्सर्जन पैदा होता है।

नई 2023 Toyota Vellfire एमपीवी के रम्बलेम के लिए रिवर्स स्लैंट मोटिफ का इस्तेमाल किया गया है, जो आगे से पीछे तक फैला हुआ है. जिससे यह सड़क पर एक बोल्ड मौजूदगी रखती है। वाहन के किनारों पर शार्प डायनेमिक कैरेक्टर लाइन्स हैं, जो ताकत और स्थिरता का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसे तीन एक्सटीरियर जलर ऑप्शंस लैटिनम पर्ल व्हाइट, जेट ब्लैक और प्रेशियस मेटल में पेश किया गया है।

इस लग्जरी एमपीवी को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि सीटों के बीच की दूरी बढ़ने के साथ इसमें ज्यादा स्पेस मिलता है। ड्राइविंग पोजीशन में मॉडिफिकेशन करके आगे और दूसरी पक्ति की सीटों के बीच की दूरी बढ़ा दी गई है। सीटों की तीसरी पंक्ति पर साइड क्वार्टर ट्रिम और पिछले दरवाजे के ट्रिम को पतला बनाया गया है।


अंदर एक बहुत लंबा ओवरहेड कसौल है जिसे छत के बीच में लगाया गया है। इसमें यात्रियों की सुविधा के लिए कई कंट्रोल दिए गए हैं। इसमें 15 जेबीएल स्पीकर, एपल कार पले और एंड्रॉइड ऑटो सपोर्ट के साथ 14 इंच का इंफोटेनमेंट सिस्टम है। एक्जीक्यूटिव लाउंज में पिछली सीट पर 14 इच का इंटरनेट करता है।

मॉडल में स्वतंत्र रूप में संचालित होने वाले मूनरूफ शेड्स के साथ पुल-डाउन साइड सन ब्लाइंड्स का फीचर मिलता है। इससे यूजर अतिरिक्त धूप को रोक सकता है। दूसरी पंक्ति की सीटें अब मसाज फंक्शन के साथ-साथ प्री-सेट मोड के साथ आराम को कस्टमाइज करने के लिए एक डिटेचेबल पावर कंट्रोल डिवाइस से लैस हैं।

टोयोटा वेलफायर में तीन इंटीरियर कलर ऑप्शन सनसेट ब्राउन, न्यूट्रल बेज और ब्लैक उपलब्ध हैं। यह मॉडल अब रिमोट डोर लॉक/अनलॉक, एयर कंडीशनिंग, इमरजेंसी सर्विस, व्हीकल डायग्नोस्टिक्स, ड्राइवर मॉनिटरिंग अलर्ट जैसी 60 से ज्यादा कनेक्टेड फीचर्स के साथ आता है।

SGIM
SGIM GROUP
SHRI GANESH INSURANCE MECHANISM®
General & Life Insurance | Wealth Management
Since : 1966 RNI Regd. No. : 10359/1966 Certificate No. : IN-RJ52634729433108T
KARMAJYOTI-NEWSPAPER SWATI PANDEY FOUNDATION
Insurance • Bank • Industry (FORTNIGHTLY)
B.O. Jaipur
13-14, Ground Flr., Near Indian Airlines Office, Nehru Place, Tonk Road, Jaipur- 302015
B.O. Mumbai
D/503, Balaji Enclave Akurli Anamika Chs Ltd, Lokhandwala Township, Kandivali East, Mumbai - 400101
07734000627
09828020745
Info@sgimgroup.com
www.sgimgroup.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक - सुरेश कुमार पाण्डे द्वारा गणेश आर्ट प्रिंटर्स, बी-18 ए, 22 गोदाम इण्डि. एरिया, जयपुर में मुद्रित और 44, शिवा कॉलोनी, टोंक फाटक, जयपुर से प्रकाशित।
सहा. सम्पादक - श्रीमती इन्दु पाण्डे, पुलकित पाण्डे। • फोन : 0141-2591536 • Email: karmajyoti1966@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा। • मो. 09828020745



कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि।।

SINCE-1966

# कर्मज्योति

बीमा, बैंक व उद्योग जगत का प्रमुख-पाक्षिक
सम्पादक - सुरेश कुमार पाण्डे



वर्ष-58 | अंक-05 | जयपुर, 01 दिसंबर, 2023 | कुल पृष्ठ: 8 | भारत सरकार का रजि. नं. 10359/1966 पोस्टल रजि. नं. jaipur city/225/2021-23
Email: karmajyoti1966@gmail.com वार्षिक शुल्क 110 रूपये, एक प्रति - 5 रू

Press Release From The Desk of Sh Ganeshji
In loving Memory of Late Swati Pandey (Co-Editor)
(20th March 90 to 3rd Sept. 21)
Daughter of Suresh Pandey (Editor)
Founder Editor : Late Shri Kailash Nath Pandey
(11th Feb 29 to 20th Feb. 23)



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने मोती डूंगरी गणेशजी के दर्शन किए, राज्य प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनाने की कामना की, मंदिर महंत कैलाश शर्मा ने दुपट्टा उढ़ाकर सभी का स्वागत किया।



सीएम अशोक गहलोत ने राजभवन पहुंच राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया गया।

# आईएएस डॉ. समित शर्मा की पुस्तक 'डिजिटल रिवोल्यूशन इन सोशल सेक्टर' का विमोचन

## ई गर्वनेंस से आमजन के जीवन को बनाया जा सकता है आसानः मुख्य सचिव



जयपुर. राजस्थान स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन और आईएएस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में हरिश्चंद्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान के न्यू एक्जीक्यूटिव हॉस्टल में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में 'सामाजिक क्षेत्र में डिजिटल क्रांति के युग की शुरुआत' विषय पर आईएएस डॉ. समित शर्मा की ओर से लिखित पुस्तक का विमोचन मुख्य सचिव उषा शर्मा व डीजीपी उमेश मिश्रा ने किया। मुख्य सचिव ने कहा कि ई गर्वनेंस का उपयोग कर आमजन के जीवन को आसान बनाने संबंधी जानकारियां इस पुस्तक में सटीक और सरल भाषा में नवाचारों के साथ दी गई हैं। सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग ने तकनीक को अपनाकर बेहतरीन कार्य किए हैं।

समित शर्मा ने बताया कि डिजिटिलाइजेशन के इस युग में सामाजिक सुरक्षा एवं समाज कल्याण के क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग सुशासन के लिए करने संबंधी जानकारियों को इस पुस्तक में 30 विभिन्न नवाचारों के माध्यम से दर्शाया गया है। लाभार्थियों तक लोक सेवाओं की पहुंच को सुनिश्चित करने, प्रक्रिया को सरल बनाने, बाधा मुक्त वातावरण में भ्रष्टाचार रहित तरीके से गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक सेवाएं तत्काल उपलब्ध कराने की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फेस रिकॉग्निशन तकनीक, मेटा डेटा बेस्ड ऑटो अप्रूवल, चैट बॉट, डीप डेटा एनालिसिस, प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स जैसी तकनीकों को पुस्तक में बताया गया है। केन्द्रीय प्रशासनिक सुधार विभाग के सचिव वी.श्रीनिवासन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से संबोधित किया। एसीबी डीजी हेमंत प्रियदर्शी, स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# पुष्कर- मेड़ता और रास-मेड़ता रेल लाइन को केंद्र ने दी मंजूरी : दीया



जयपुर। राजसमंद सांसद दीया कुमारी ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा पुष्कर-मेड़ता और रास मेड़ता रेल लाइन को स्वीकृति प्रदान कर दी है। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें इसकी जानकारी दी। दीया कुमारी ने कहा कि दोनों रेलवे लाइन प्रोजेक्ट राजसमंद लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए दूरगामी कदम साबित होगें। पुष्कर मेड़ता रेलवे लाइन पूरी होने के बाद यात्रियों को बीकानेर से अजमेर और उदयपुर तक सीधी रेल सेवाएं मिल जाएंगी। इसलिए 59 किमी लंबी पुष्कर-मेड़ता रेल लाइन के लिए गत रेल बजट में पुनः सर्वे करवाया और अब बहुप्रतिक्षित पुष्कर मेड़ता रेल लाइन की स्वीकृति जारी हो गई है। पुष्कर मेडता रेलवे लाइन से धार्मिक नगरी पुष्कर और रामस्नेही संप्रदाय की रेण पीठ आने वाले श्रृद्धालुओं को भी रेल की सुविधा मिल पाएगी। रेल मंत्रालय ने रास-मेड़ता के बीच करीब 47 किमी लंबी नई रेलवे लाइन परियोजना को भी मंजूरी दी है। दीया कुमारी ने कहा कि रास और मेड़ता के बीच रेल लाइन बनने से इलाके के सीमेंट उद्योग और सीमेंट फैक्ट्रियों में काम करने वाले हजारों श्रमिकों को रेल सुविधा का लाभ मिल पाएगा।

# प्रदेश में बीमा से संबन्धित शिकायतों का निस्तारण 100 प्रतिशत रहा- बीमा लोकपाल राजीव दत्त शर्मा

## 41 प्रतिशत से अधिक शिकायतें स्वास्थ्य बीमा , सामान्य बीमा की 28.8 प्रतिशत तथा जीवन बीमा की 31.6 प्रतिशत से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई है
## जयपुर केंद्र के लिए विगत दो वर्षों से शिकायतों का कुल निस्तारण 100 प्रतिशत रहा।

जयपुर। प्रदेश में पिछले 1 साल में बीमा लोकपाल के यहां विभिन्न प्रकार के बीमा से जुड़ी शिकायतों में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में जहां कुल 1406 के करीब शिकायतें बीमा लोकपाल को प्राप्त हुई वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 में 1911 से ज्यादा शिकायतें प्राप्त हुई है। इनमें से 41 प्रतिशत से अधिक शिकायतें स्वास्थ्य बीमा की है। वहीं समान्य हुए बीमा की 28.8 प्रतिशत तथा जीवन बीमा कि 31.6 प्रतिशत से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई है राजस्थान के लोकपाल राजीव दत्त शर्मा ने जयपुर में पत्रकार वार्ता संबोधित करते हुए बताया की बीमा लोकपाल के यहां कोई भी व्यक्ति जीवन बीमा, सामान्य बीमा स्वास्थ्य बीमा कंपनियों और बीमा दलालों के खिलाफ पीड़ित बीमित व्यक्ति की शिकायत का समाधान निःशुल्क किया जाता है। उन्होंने कहा कि एक ही सुनवाई में शिकायत का निस्तारण किया जाता है। उन्होने बताया कि जयपुर केंद्र के लिए विगत दो वर्षों से शिकायतों का कुल निस्तारण 100 प्रतिशत रहा। राजस्थान के बीमा लोकपाल राजीव दत्त शर्मा ने बताया कि कोविड पीरियड खत्तम होने के बाद बीमित व्यक्तियों की शिकायतों में काफी वृद्धी हुई है, और बीमा कंपनियों के खिलाफ अपनी शिकायतों के साथ बहुत सारे बीमित बीमा लोकपाल के पास पहुंचे हैं। इन अधिकतर मामलों में बीमित व्यक्ति को बीमा लोकपाल द्वारा राहत दी गयी, जिससे बीमा लोकपाल के बारे में जागरुकता आम लोगों तक पहुंची। शर्मा ने बताया कि खासकर कोविड मामलों में बीमा कंपनियों ने जिस बीमित को क्लेम देने से मना कर दिया था, उनको राहत पहुँचने का कार्य बीमा लोकपाल द्वारा राजस्थान में किया गया। उन्होंने आगे बताया कि वैसे तो प्रत्येक बीमा कंपनी की आन्तरिक व्यवस्था के अंतर्गत शिकायत निवारण का प्रावधान है तथापि कई प्रातक बीमा कंपनी के निर्णय से असंतुष्ट रह जाते हैं, ऐसे सभी ग्राहकों की शिकायतों के त्वरित एवं निःशुल्क निवारण के लिए बीमा लोकपाल कार्यालय तत्पर है। यह मंच बीमा ग्राहकों को यह सन्देश देना चाहता है कि व्यक्ति के जीवन में बीमा एक महत्वपूर्ण व उपयोगी माध्यम है, जो अनिश्चित जोखिम की स्थिति में समुचित आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। बीमा व्यवस्था में आम नागरिकों का विश्वास बढ़े, यही बीमा लोकपाल की प्रासंगिकता है। शर्मा ने सभी पत्रकारों से आकान किया कि बीमा लोकपाल के बारे में अधिक से अधिक जानकारी आम जन तक पहुंचाए, जिससे बीमा संबंधी शिकायतों का बीमा लोकपाल द्वारा निस्तारण कर आम जन को लाभ दिया जा सके। बीमा लोकपाल जीवन और गैर- जीवन बीमा कंपनियों के खिलाफ बीमित व्यक्तियों की शिकायतों के निवारण के लिए एक अर्थ-न्यायिक शिकायत निवारण तंत्र है इसका मुख्य उद्देश्य बीमा शिकायतों का निःशुल्क, कुशल और निष्पक्ष तरीके से समाधान करना है। इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला और बीमा लोकपाल के सचिव राकेश जलोदिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बीमा लोकपाल राजीव दत्त शर्मा, पीआईबी की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला व बीमा लोकपाल के सचिव राकेश जलोदिया।

## बीमा/बैंक समाचार

# राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 159वीं बैठक हुई



जयपुर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 159वीं बैठक जयपुर में अजय कुमार खुराना, अध्यक्ष, एसएलबीसी राजस्थान एवं कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। हर्षदकुमार टी. सोलंकी, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान के संयोजन से बैठक में श्रीकान्त नामदेव, निदेशक, वित्तीय सेवाएं विभाग, भवानी सिंह देथा, प्रमुख शासन सचिव, आयोजना विभाग, मंजु राजपाल, राज्य परियोजना निर्देशक, राजीविका विभाग, नवीन नाम्बियार, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, जयपुर, डॉ. राजीव सिवाच, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, जयपुर तथा केंद्र व राज्य के उच्चाधिकारियों, बीमा कम्पनियों तथा अन्य सभी बैंकों के प्रतिनिधियों द्वारा सहभागिता की गई। बैंक ऑफ बड़ौदा के सहायक महाप्रबंधक आलोक सिंघल ने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के समस्त सदस्य बैंकों के आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष, व्यवसायिक मापदण्डों पर तुलनात्मक प्रस्तुतिकरण दिया। साथ ही, राज्य सरकार के पास बैंकिंग क्षेत्र से संबन्धित लंबित मुद्दों पर चर्चा की गई।

## न्यू इण्डिया एश्योरेनेंस कम्पनी के CRM श्री हरी चंद जी के अलवर आगमन के अवसर पर इंडियन फेडरेशन ऑफ जनरल इंश्योरेंस एजेंट एसोसिएशन



न्यू इण्डिया एश्योरेनेंस कम्पनी के CRM श्री हरी चंद जी के अलवर आगमन के अवसर पर इंडियन फेडरेशन ऑफ जनरल इंश्योरेंस एजेंट एसोसिएशन राजस्थान रीजन के ज्वाइंट सेक्रेटरी श्री राजेन्द्र कपूर एवम सदस्य श्री राजेश शर्मा श्री सुरेश गुप्ता श्री दीपक भार्गव की तरफ से स्वागत किया गया एवम अभिकर्ताओं को आने वाली समस्याओं के बारे में चर्चा की गई मंडलीय प्रबंधक श्री पी आर मीणा जी ने भी आश्वासन दिया की भविष्य में कभी भी अभिकर्ता साथियों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

## एलआईसी का नया प्लान लॉन्च



जयपुर । भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने नया प्लान जीवन उत्सव लॉन्च किया है। इसके तहत 18 वर्ष से जीवनभर गारंटेड आय मिलेगी। भुगतान अवधि 5 से 16 वर्ष होगी। एलआईसी के जयपुर मंडल द्वितीय के वरिष्ठ मंडल प्रबन्धक दिनेश तनानिया ने बताया कि इसके दो विकल्प है। पहले में नियमित आय के तौर पर हर वर्ष मूल बीमा धन का 10 फीसदी आजीवन सहभागिता हितलाभ होगा। दूसरा फ्लेक्सी आय लाभ के रूप में मूल बीमा धन का 10 फीसदी भुगतान स्थगित करने पर 5.5 फीसदी चक्रवृद्धि ब्याज के साथ जमा होगा। पॉलिसीधारक आकस्मिक जरूरत पूरा करने के लिए शेष निधि का 75 फीसदी तक प्रतिवर्ष निकाल या पॉलिसी पर ऋण ले सकेगा। यह प्लान 90 दिन से 65 वर्ष तक की आयु के लोगों के लिए उपलब्ध है। इस मौके पर प्रबन्धक विपणन गिरिजेश वर्मा व प्रबन्धक विक्रय बबलू मीणा मौजूद रहे।

## एक्सिस बैंक के स्प्लैश: एडिशन की घोषणा

नई दिल्ली । एक्सिस बैंक ने बच्चों के लिए कला, शिल्प और साहित्य पर वार्षिक देशव्यापी स्पर्धा स्प्लैश' की शुरुआत की है। इसकी थीम 'दयालुता' है। इसमें 7 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चे हिस्सा ले सकेंगे। प्रतिभागी 31 दिसंबर 2023 तक बैंक की बेवसाइट पर पंजीकरण करा प्रविष्टियां दे सकते हैं। स्पर्धा का आयोजन भौतिक व डिजिटल दोनों तरीके से होगा। बैंक के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अनूप मनोहर ने यह जानकारी दी।

## एचडीएफसी को ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड

मुंबई । निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक को प्रोफेशनल वैल्थ मैनेजमेंट (पीडब्लूएम) द्वारा आयोजित ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड्स के तहत दो पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। निजी बैंकरों की शिक्षा व प्रशिक्षण के लिए सर्वश्रेष्ठ निजी बैंक (एशिया) तथा विकास रणनीति के लिए निजी बैंक (एशिया) कैटेगरी में बैंक को यह पुरस्कार मिले। बैंक के ग्रुप हेड इन्वेस्टमेंट बैंकिंग राकेश के सिंह ने कहा कि हमारे ग्राहक आधार में वृद्धि हुई है।

Late Swati Pandey
(Fellow,Insurance Instite of India)
Ex. Co-editor,Karmajyoti

# MIDDLEMAN VS DIGITALISATION: WHAT'S MORE IMPORTANT?

This question raises many answers as all of us have different views. Undoubtfully, the digitalisation has groomed up many channels with its latest technologies and modules with no manual work required. Everything is available now at so ease with the help of the latest software and anytime one can reach it out whenever they need it. Insurance is also very much influenced from digitalisation, without involving any intermediary, a layman can access portals, explore and insure them according to their requirements through the help of web aggregators.

Now a days, the availability of different web aggregators have come up with new path ways for insurance like policy bazaar, insurance Dekho, policy bachat and many more where IRDAI approved them with a list of products and services to reach maximum population volume. They guide us according to one's insurance requirements with more flexibility and ease to access.

This is agreeable that these web aggregators have very much fasten up with more ease and accessibility, flexible to choose and approach with low cost premium. They have turned out the picture of complex and complicated old process of insurance which have limited reach with more fine and smooth process where each one can understand easily the process, starting from his policy requirement to claim assessment needs.

But Only one thing come into my mind that a person when goes for insurance thinks it practically (generally) but there is also an insurable interest involved in his decisions to take insurance, he is emotionally connected.

I am not denying the fact that online web aggregators doesn't fulfil the insurance needs but can they support and advice a needy policyholder or his family member at a time of hospitalisation. When a person faces a loss, he gets also emotionally affected so there comes the role of intermediary who supports and advise him being in touch with him on emotional front, especially in Health Insurance.

A job of intermediary, undoubtfully, have been fulfilled by online portals and web aggregators but can they come in hospital for get well soon wishes at a time of hospitalisation of policy holder or at the time of loss. The actual Job starts after the sale of insurance policy where an emotional bond gets build up Between policyholder and his advisor who will be present at the time of his loss and will support and advise on emotional context too. Especially in Health Insurance, at the time of claim settlement and hospitalisation, a policyholder needs a help of middleman who can support him at that crucial time.

So, I can conclude with that both have its pros and cons although it isdepends on one's decisions to go whether through online process or an advisor. But I would suggest, if you go through online web aggregators, especially for Health Insurance, just involve an insurance advisor so that they can make you better understand and advice you whenever you need.



## स्वास्थ्य समाचार

# डॉ. अमित ने हार्ट वॉल्व फैलो कोर्स में भाग लिया



जयपुर, रुक्मणी बिरला हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित गुप्ता ने लंदन में हुई विश्व के सबसे बड़े हार्ट वॉल्व फैलो कोर्स में भाग लिया। इसमें हार्ट के खराब वाल्व को बिना ऑपरेशन रिपेयर करने या बदलने की तकनीकों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। विश्व में ये तकनीकें गंभीर हृदय रोगियों के खराब वाल्व के इलाज में कारगर साबित हो रही हैं। टावी तकनीक द्वारा खराब हो चुके एऑर्टिक वाल्व को बिना ऑपरेशन भी बदला जा सकता है।

# सर्दी में बढ़ रहा हार्ट अटैक व स्ट्रोक का खतरा



जयपुर . सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है धीरे-धीरे तापमान में गिरावट आने लगी है। इसका असर सेहत पर भी पड़ना शुरू हो गया है। सर्दी के मौसम में हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार हाइपरटेंशन, डायबिटीज या अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को ज्यादा सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। इस समय हृदय रोग का सर्वाधिक खतरा रहता है। तेज सर्दी में कार्डियक संबंधित समस्याओं से लेकर ब्रेन स्ट्रोक और लकवे का भी खतरा रहता है। विशेषज्ञों के अनुसार सर्दी बढ़ने के साथ-साथ अस्पतालों के आउटडोर में हृदय रोगियों की संख्या में 20 से 30 प्रतिशत तक वृद्धि हो रही है।

**बीमारी के लक्षणों को नजर अंदाज न करें**

हाइपरटेंशन के मरीजों में हार्ट डिजीज होने की संभावना अधिक होती है। उन्हें अधिक सावधानी बरतनी चाहिए। वहीं डायबीटीज के मरीज को स्ट्रोक होने की संभावना अधिक होती है। सर्दी में शरीर को गर्म रखें। दर्द, जकड़न जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करें। चिकित्सक की परामर्श के बिना दवा न लें। **डॉ.शशि मोहन शर्मा, सीनियर प्रोफेसर कार्डियोलॉजी एसएमएस मेडिकल कॉलेज**

**ऐसे बढ़ता है खतरा**

- सर्दी में आर्टरी सिकुड़ जाती है। आर्टरी में ब्लड भेजने के लिए हार्ट को ज्यादा काम करना पड़ता है।
- ऑक्सीजन की कमी।
- क्लॉटिंग का खतरा।
- हृदय में ब्लड फ्लो तेज हो जाता है। सर्दी में तली भुना भोजन अधिक करना।
- शराब और स्मोकिंग का अधिक सेवन।
- तनाव और डिप्रेशन।
- शारीरिक व्यायाम न करना।

# बिटामिन की कमी 'सिरदर्दी' भी बढ़ाए... मर्ज बढ़ता जाएविटामिन की कमी से हुआ माइग्रेन

जयपुर।शरीर में विटामिन की कमी होने से शारीरिक समस्याएं ही शुरू नहीं होती है... आपकी 'सिरदर्दी' भी बढ़ जाती है। बाल गिरना, त्वचा का सूखना और आंखें कमजोर होने के साथ माइग्रेन (सिर दर्द) भी शुरू हो जाता है। नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन (एनसीबीआई) की रिपोर्ट के अनुसार विटामिन की कमी वाले लोगों में माइग्रेन की शिकायत दूसरों से ज्यादा होती है। जहां अन्य मरीजों को माइग्रेन की परेशानी सप्ताह में दो से तीन बार होती है। वहीं, विटामिन की कमी वाले मरीजों में यह समस्या सप्ताह में 4 से 5 बार हो रही है। बात राजधानी की करें तो अस्पतालों और जांच केन्द्रों में जांच कराने वाले 40 से 50 फीसदी लोगों में विटामिन-बी और डी की कमी मिल रही है। इनमें माइग्रेन के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं।

सौम्या श्रीमाली को दो वर्ष से माइग्रेन की समस्या है। काफी इलाज के बाद भी आराम नहीं मिला। चिकित्सकों को दिखाया और जांच करवाई तो पता चला कि विटामिन की कमी है। अब वे सप्लीमेंट और अच्छी डाइट से सेहत सुधार रही हैं। जगतपुरा निवासी कंचन कंवर के 19 वर्षीय पुत्र को विटामिन की कमी से सिर दर्द की समस्या शुरू हो गई, बाद में माइग्रेन का रूप ले लिया। विशेषज्ञ को दिखाने के बाद इसकी जानकारी हुई। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। डाइट में बिटामिन दिए जा रहे हैं।

**डाइट में इन्हें करें शामिल**

(बादाम का दूध,ब्लूबेरी,नारंगी,सेब,चीज,ब्रोकली,पालक,कीवी,मशरूम,मूंगफली,शकरकंद,केला,पत्ता गोभी,मक्खन,पनीर,दही,सूखे मेवे)

# रूंगटा हॉस्पिटल; चेस्ट डिजीज और ईएनटी शिविर में सैकड़ों मरीज लाभान्वित



जयपुर । रूंगटा अस्पताल ने 20 नवंबर से 26 नवंबर तक नि:शुल्क चेस्ट डिजीज और ईएनटी शिविर आयोजित किया है। शिविर में सुप्रसिद्ध डॉ. पी.पी. खंडेलवाल और डॉ. रश्मि अग्रवाल नि:शुल्क परामर्श दे रहे हैं। शिविर में रूंगटा अस्पताल द्वारा सभी इनहाउस जांचों पर 25त्न की छूट उपलब्ध होगी। पीएफटी, स्पाइरोमिटर एवं एफईएनओ जैसी जांचें मुफ्त होंगी। शिविर में सैकड़ों मरीज लाभान्वित हुए।

# टॉपिक एक्सपर्टऑक्सीजन पहुंचने की गति पर असर

माइग्रेन के मामलों में विटामिन की कमी अब मुख्य कारण के रूप में सामने आ रही है। विटामिन डी की कमी नाइट्रिक ऑक्साइड को बढ़ाकर नर्व इंपल्स (तंत्रिका आवेग) को बढ़ाती है और सिर दर्द का मुख्य कारण बनती है। विटामिन बी-12 की कमी के कारण रेड ब्लड सेल्स बनने की दर कम हो जाती है। इससे ऑक्सीजन पहुंचने की गति पर असर पड़ता है। जिस कारण सिर दर्द का सामना करना पड़ता है। विटामिन की कमी से मैग्नीशियम की मात्रा कम हो जाती है और मेलाटोनिन की दर बढ़ जाती है। इस कारण भी सिर दर्द होने लगता है। विटामिन और प्रोटीन से भरपूर डाइट लेने की कोशिश करें।

# हार्ट को बिना छुए इंप्लांट किया पेसमेकर, बचाई जान



जयपुर फैमिली हिस्ट्री में कार्डियक अरेस्ट से मौत होने के कारण 35 वर्षीय वरुण (परिवर्तित नाम) को भी कार्डियक अरेस्ट होने का पूरा खतरा था। उन्हें दिल की अनियंत्रित धड़कन की गंभीर बीमारी वेंट्रीकुलर टेकिकार्डिया की समस्या थी जिसके चलते वे हर समय जानलेवा खतरे में थे। ऐसे में शहर के इटर्नल हॉस्पिटल की कार्डियक इलेक्ट्रोफीजियोलॉजी टीम ने उनके दिल को बिना छुए पेसमेकर इंप्लांट कर उन्हें इस जानलेवा खतरे से बचा लिया। डॉक्टर्स का दावा है कि सबक्युटेनियस आईसीडी तकनीक से हुआ यह प्रोसीजर राजस्थान में पहली बार हुआ है। हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. जितेंद्र सिंह मक्कड़ और सीनियर कार्डियक इलेक्ट्रोफीजियोलॉजिस्ट डॉ. कुश कुमार भगत ने यह सफल केस किया।

# यूके के सहयोग से पेस पाठ्यक्रम शुरू एसएमएस मेडिकल कॉलेज बना देश का पहला सेंटर



जयपुर। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज ने यूके के सहयोग से पेस (पीएसीईएस) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किया है। ऐसा करने वाला यह देश का पहला सरकारी मेडिकल कॉलेज बन गया है। दरअसल, एसएमएस मेडिकल कॉलेज में यूके के मैंबर ऑफ रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियन (एमआरसीपी) परीक्षा कराने के लिए यूके के सहयोग से पेस (पीएसीईएस) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है।

इसका पहला प्रशिक्षण शिविर गुरुवार को संपन्न हुआ। इसमें देशभर से मेडिकल स्टूडेंट्स और शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान 122 से अधिक रोगियों को मूल्यांकन और परामर्श किया गया। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा का कहना है कि अगले साल तक यह कॉलेज एमआरसीपी परीक्षा का केंद्र भी बन सकता है। एसएमएस व यूके के अस्पतालों में स्टूडेंट्स के लिए शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम भी होंगे। यूके से प्रशिक्षण के लिए पहुंची डॉ. रंजना गर्ग ने बताया कि समस्त फैकल्टी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षित है। डॉ. राम गुलाटी, डॉ. दिलीप सिंघवी और डॉ. गिरी तारूगोपुला भी शामिल है।

# मणिपाल अस्पताल ने एक्मो से मरीज की जान बचाई

जयपुर। मणिपाल हॉस्पिटल ने बहरोड़ के 21 वर्षीय मरीज की जान बचाने में सफलता हासिल की। जिसे सल्फास की गोलियां खाने के बाद गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। मरीज को रक्तचाप बढ़ाने के लिए दवाओं की अधिकतम खुराक दी गई थी और जब वह अस्पताल पहुंचा तो उसके दिल की पंपिंग क्षमता बेहद कम थी।

मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर क्रिटिकल केयर के प्रमुख डॉ. वैभव वैष्णव और आईसीयू टीम ने तुरंत इलाज शुरू किया। मरीज के रिश्तेदार को एक्स्ट्रा कॉर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन नामक एक नई तकनीक के बारे में बताया गया। एक्मो मशीन एक उन्नत तकनीक है, जिसमें हृदय और फेफड़ों का कार्य मशीन के द्वारा चलाया जाता है।

इससे उन्हें आराम मिलता है और वह ठीक हो जाते हैं। मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर के डायरेक्टर रंजन ठाकुर ने बताया कि टीम द्वारा प्रदान की गई विशेषज्ञ देखभाल की बदौलत मरीज को स्वस्थ होने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। गौरतलब है कि मणिपाल हॉस्पिटल इस तरह के कई मामले पूर्व में आ चुके है जिन्हें सफलता पूर्वक उपचार प्रदान किया गया है।

# मूवमेंट डिसऑर्डर में कारगर है डीबीएस तकनीक



जयपुर । लोगों में मूवमेंट डिसऑर्डर से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने उद्देश्य हर के से साल 7 वर्ड मूवमेंट डिसऑर्डर्स डे 29 नवंबर को मनाया जाता है। मूवमेंट डिसऑर्डर या गतिविधि विकार शरीर के किसी भी हिस्से में जरूरत से अधिक या कम हरकत की विभिन्न बीमारियां है। डिस्टोनिया रोग की स्थिति में डीबीएस की प्रक्रिया कुछ मरीजों के लिए कारगर साबित होती है। नारायणा हॉस्पिटल के कंसल्टेंट न्यूरोलॉजी और मूवमेंट डिसऑर्डर एक्सपर्ट डॉ. वैभव माथुर ने बताया कि 'डीप ब्रेन स्टिमुलेशन' या 'डी बी एस' एक आधुनिक तकनीक है, जिसमें सर्जरी द्वारा मस्तिष्क में संवेदनशील तार (इलेक्ट्रोड) लगाए जाते हैं और इन्हें छाती में एक पेसमेकर जैसे उपकरण (आईपीजी) से जोड़ दिया जाता है। इसके पश्चात यह आई पी जी बाहर से नियंत्रित (प्रोग्राम) किया जा सकता है और रोगियों के लक्षणों में 70- 80% तक सुधार हो जाता है।

## आध्यात्मिक समाचार

संपादकीय : मनुष्य को अपनी प्राकृतिक परवर्ती को सदैव सामान्य रखना चाहिए।


जिसने भी किया अभिमान, क्षणिक सफलता पाकर ,
पछताएगा एक दिन सदा रहें यह ध्यान
बड़ा बोल मत बोलिये ईश्वर को न भाए
होना कहीं ये एक दिन सिर नीचा हो जाये

Dr.G.S.Bhatnagar,
Director, Management
& Computer Since.
University, Jaipur Apex



# भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का राष्ट्र के लिए योगदान

**प्रसाद महान व्यक्तित्व के धनी एक सुप्रसिद्ध अधिवक्ता थे। उन्होंने देश की आजादी में अमूल्य योगदान दिया। आजादी के बाद उन्हें संविधान की रचना के लिए बनाई गई संविधान समिति का अध्यक्ष बनाया गया। दो बार लगातार राष्ट्रपति रहने के बावजूद उन्होंने अपना जीवन बहुत ही साधारण तरीके से व्यतीत किया।**




**डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद का जीवन परिचय**

महादेव सहाय के बेटे डॉ राजेंद्र प्रसाद का जन्म 3 दिसंबर, 1884 को जिरादेई, सीवान, बिहार में हुआ था। बड़े संयुक्त परिवार में सबसे कम उम्र के होने के नाते उन्हें बहुत प्यार मिला। वह अपनी मां और बड़े भाई महेंद्र के साथ बहुत लगाव था7 जीरादेई की विविध विरोधी आबादी में, लोग परस्पर सद्भाव में एक साथ रहते थे।

**डॉ राजेंद्र प्रसाद की उपलब्धियां**

भारत के राजदूत के रूप में, उन्होंने दुनिया भर में व्यापक रूप से यात्रा की और विदेशी देशों के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किये ।1952 और 1957 में, उन्हें लगातार दो बार फिर से चुना गया, जिससे वे भारत के पहले दो-कार्यकाल वाले राष्ट्रपति बने।

उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया था। राष्ट्रपति होने के अतिरिक्त उन्होंने भारत के पहले मंत्रिमंडल में 1946 एवं 1947 में कृषि और खाद्यमंत्री का दायित्व भी निभाया था। सम्मान से उन्हें प्राय: 'राजेन्द्र बाबू' कहकर पुकारा जाता है।

प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 137वीं जयंती है। इस कहानी को जानकर उनके व्यक्तित्व और स्वभाव को पहचाना जा सकता है। राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपने पद पर रहते हुए भी अपने एक रिश्तेदार को सरकारी नौकरी दिलाने में असमर्थता जता दी थी। जवाबी पत्र में अफसोस जताते हुए उन्होंने यह भी लिखा था कि इतने ऊंचे पद पर रहते हुए भी नौकरी के मामले में न तो खुद कुछ कर सकता हूं और न किसी और से करा सकता हूं।

19 अगस्त 1953 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने राष्ट्रपति भवन के लेटरहेड पर अपनी नजदीकी रिश्तेदार उमा देवी निवासी जीरादेई को जवाबी पत्र लिखा था। आशीर्वाद के साथ पत्र की शुरुआत करते हुए उन्होंने लिखा था- सरकार में नौकरी संबंधी नियम होते हैं और उन्हीं के अनुसार मंत्रियों को या अन्य अधिकारियों को भी चलना पड़ता है। नियम के विरुद्ध कोई नहीं जा सकता है। पढ़े-लिखे लोगों की संख्या काफी ज्यादा हो गई है, ऐसे में नौकरी मिलना कठिन हो गया है। बहाली करना मेरे अधिकार में नहीं है, और इसके लिए किसी से सिफारिश भी नहीं कर सकता। अफसोस जताते हुए उन्होंने आगे लिखा- इतनी ऊंची जगह रहते हुए भी नौकरी के मामले में कुछ नहीं कर सकता।

**देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा लिखी गई चिट्ठी**

हालांकि रेलवे की नौकरी का जिक्र करते हुए उन्होंने अपनी रिश्तेदार को लिखा था कि जिसके पास नियुक्ति का अधिकार है उस विभाग के अधिकारी के नाम दरखास्त भेज दें और उसमें इस बात का जिक्र अवश्य कर दें कि उनके पिता उसी विभाग में कार्यरत थे। वे उस दरखास्त को संबंधित अधिकारी को भेज देंगे।

साथ ही उन्होंने यह बात भी लिखी थी कि इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं कर सकते कि नियुक्ति हो ही जाएगी, लेकिन यह हो सकता है कि राष्ट्रपति भवन से पत्र जाने पर उस अधिकारी का ध्यान उस ओर चला जाए।

## श्रृंखला प्रथम : श्री रामायण महाकाव्य -भाग 12

## 1. बालकाण्ड :
## बालकाण्ड में प्रभु राम के जन्म से लेकर राम-विवाह तक के घटनाक्रम आते हैं।




कीन्हें प्राकृत जन गुन गाना। सिर धुनि गिरा लगत पछिताना॥
हृदय सिंधु मति सीप समाना। स्वाति सारदा कहहिं सुजाना ॥4 ॥

**भावार्थ:**-संसारी मनुष्यों का गुणगान करने से सरस्वतीजी सिर धुनकर पछताने लगती हैं (कि मैं क्यों इसके बुलाने पर आई)। बुद्धिमान लोग हृदय को समुद्र, बुद्धि को सीप और सरस्वती को स्वाति नक्षत्र के समान कहते हैं ॥4 ॥

जौं बरषइ बर बारि बिचारू। हो हिं कबित मुकुतामनि चारू ॥5 ॥

भावार्थ-इसमें यदि श्रेष्ठ विचार रूपी जल बरसता है तो मुक्ता मणि के समान सुंदर कविता होती है ॥5 ॥

**दोहा :**

जुगुति बेधि पुनि पोहिअहिं रामचरित बर ताग।
पहिरहिं सज्जन बिमल उर सोभा अति अनुराग ॥11 ॥

**भावार्थ:** उन कविता रूपी मुक्तामणियों को युक्ति से बेधकर फिर रामचरित्र रूपी सुंदर तागे में पिरोकर सज्जन लोग अपने निर्मल हृदय में धारण करते हैं, जिससे अत्यन्त अनुराग रूपी शोभा होती है (वे आत्यन्तिक प्रेम को प्राप्त होते हैं) ॥11 ॥

**चौपाई :**

जे जनमे कलिकाल कराला। करतब बायस बेष मराला॥
चलत कुपंथ बेद मग छाँड़े। कपट कलेवर कलि मल भाँड़े ॥1 ॥

**भावार्थ:** जो कराल कलियुग में जन्मे हैं, जिनकी करनी कौए के समान है और वेष हंस का सा है, जो वेदमार्ग को छोड़कर कुमार्ग पर चलते हैं, जो कपट की मूर्ति और कलियुग के पापों के भाँड़ें हैं ॥1 ॥

बंचक भगत कहाइ राम के। किंकर कंचन कोह काम के॥
तिन्ह महँ प्रथम रेख जग मोरी। धींग धरम ध्वज धंधक धोरी ॥2 ॥

**भावार्थ:**जो श्री रामजी के भक्त कहलाकर लोगों को ठगते हैं, जो धन (लोभ), क्रोध और काम के गुलाम हैं और जो धींगाधींगी करने वाले, धर्मध्वजी (धर्म की झूठी ध्वजा फहराने वाले दम्भी) और कपट के धन्धों का बोझ ढोने वाले हैं, संसार के ऐसे लोगों में सबसे पहले मेरी गिनती है ॥2 ॥

जौं अपने अवगुन सब कहऊँ। बाढ़इ कथा पार नहिं लहऊँ ॥
ताते मैं अति अलप बखाने। थोरे महुँ जानिहहिं सयाने ॥3 ॥

**भावार्थ:** यदि मैं अपने सब अवगुणों को कहने लगूँ तो कथा बहुत बढ़ जाएगी और मैं पार नहीं पाऊँगा। इससे मैंने बहुत कम अवगुणों का वर्णन किया है। बुद्धिमान लोग थोड़े ही में समझ लेंगे ॥3 ॥

समुझि बिबिधि बिधि बिनती मोरी। कोउ न कथा सुनि देइहि खोरी॥
एतेहु पर करिहहिं जे असंका। मोहि ते अधिक ते जड़ मति रंका ॥4 ॥

**भावार्थ:** मेरी अनेकों प्रकार की विनती को समझकर, कोई भी इस कथा को सुनकर दोष नहीं देगा। इतने पर भी जो शंका करेंगे, वे तो मुझसे भी अधिक मूर्ख और बुद्धि के कंगाल हैं ॥4 ॥

कबि न होउँ नहिं चतुर कहावउँ। मति अनुरूप राम गुन गावउँ॥
कहँ रघुपति के चरित अपारा। कहँ मति मोरि निरत संसारा ॥5 ॥

**भावार्थ:** मैं न तो कवि हूँ, न चतुर कहलाता हूँ, अपनी बुद्धि के अनुसार श्री रामजी के गुण गाता हूँ। कहाँ तो श्री रघुनाथजी के अपार चरित्र, कहाँ संसार में आसक्त मेरी बुद्धि ! ॥5 ॥।

*जेहिं मारुत गिरि मेरु उड़ाहीं। कहहु तूल केहि लेखे माहीं॥
समुझत अमित राम प्रभुताई। करत कथा मन अति कदराई ॥6 ॥

भावार्थ-जिस हवा से सुमेरु जैसे पहाड़ उड़ जाते हैं, कहिए तो, उसके सामने रूई किस गिनती में है। श्री रामजी की असीम प्रभुता को समझकर कथा रचने में मेरा मन बहुत हिचकता है- ॥6 ॥

शेष भाग: अगले अंक में ....



## महिला -शिक्षा एवं लीगल समाचार

## राज्यपाल श्री मिश्र से रोल बॉल के खिलाड़ियों ने मुलाकात की
# राज्यपाल ने खिलाड़ियों से संवाद कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की



जयपुर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से राजभवन में गोवा में आयोजित हुए रोल बॉल राष्ट्रीय खेलों में विजेता रहे राजस्थान के खिलाड़ियों से मुलाकात की। रोल बॉल फेडरेशन के अध्यक्ष और भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी श्री मनोहर कांत के नेतृत्व में मिले इन खिलाड़ियों में पुरुष टीम ने स्वर्ण और महिला टीम ने राष्ट्रीय खेलों में रजत पदक प्राप्त किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने रोल बॉल में स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त करने वाली पुरुष और महिला टीम के सदस्यों को बधाई देते हुए उनसे संवाद किया। उन्होंने कहा कि खेलों से ही मानवीय मूल्यों और सामूहिक चेतना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेल जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण ही प्रदान नहीं करते बल्कि इनसे मानसिक तथा शारीरिक विकास भी होता है। उन्होंने रोल बॉल खेल के जरिए राजस्थान को विश्व-स्तर पर अग्रणी करने के लिए भी खिलाड़ियों का आह्वान किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

# यह उपलब्धि हासिल करने वाला सार्क देशों का पहला चिकित्सा संस्थान बना सैम्स
## सैम्स में विश्वस्तरीय सर्जिकल ट्रेनिंग और आरएंडडी सेंटर 'इर्काड इंडिया' का गठन



फ्रांस स्थित इर्काड (IRCAD), विश्व का सबसे बड़ा सर्जिकल ट्रेनिंग संस्थान है। सार्क देशों सहित विश्व के अनेक बड़े देशों के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान लंबे समय से इसके साथ जुड़ने के लिए प्रयासरत थे। लेकिन उनसे आगे निकलते हुए इंदौर के श्री अरबिंदो यूनिवर्सिटी (सैम्स) ने इर्काड के साथ अनुबंध करने में सफलता हासिल की है। यह उपलब्धि हासिल करने वाला सैम्स, न केवल देश का बल्कि सार्क देशों का भी पहला और इकलौता चिकित्सा संस्थान है।

इस संबंध में इर्काड-फ्रांस के प्रेसिडेंट डॉ. जैक्स मॉरसकॉक्स और सैम्स के फाउंडर चेयरमैन डॉ. विनोद भंडारी द्वारा एमओयू पर साइन किये गये।

इर्काड-इंडिया बोर्ड में डॉ. जैक्स मॉरसकॉक्स (प्रेसिडेंट-फ्रांस), डॉ. विनोद भंडारी (चेयरमैन, इर्काड-इंडिया), डॉ. मोहित भंडारी (प्रेसिडेंट, इकांड-इंडिया) और डॉ. महक भंडारी (वाइस प्रेसिडेंट, इर्काड-इंडिया) शामिल हैं। इस अवसर पर श्री अरबिंदो यूनिवर्सिटी की चांसलर डॉ. मंजूश्री भंडारी और ब्राजील मूल के बेरियाट्रिक एंडोस्कोपी डायरेक्टर (सैम्स), मेन्वेल गेल्वान नेटो भी मौजूद थे। डॉ. जैक्स ने बताया कि सैम्स असाधारण स्तर की प्रशिक्षण सुविधा प्रदान करता है। यहां हर साल सर्जिकल विशेषताओं के 8,800 से अधिक सर्जन तैयार होते हैं और यही इस संस्थान की सफलता की कुंजी है। डॉ. विनोद भंडारी ने बताया कि इस एमओयू के बाद अब इंदौर और देश के दूसरे हिस्सों के मरीजों को महेंगे इंस्ट्रूमेंट्स डिवाइसेस बहुत किफायती दामों पर उपलब्ध होने लगेंगे। इसके अलावा इकांड की सर्जिकल ट्रेनिंग भी सैम्स में दी जाएगी, जिसका सीधा फायदा इंदौर और पूरे भारत सहित सार्क देशों के डॉक्टर और सर्जन को भी मिलेगा।

# 35 देशों के अधिकारियों ने विधान सभा के डिजिटल म्यूजियम का अवलोकन किया



जयपुर। राजस्थान विधान सभा के म्यूजियम को 35 देशों के अधिकारियों ने बुधवार को अवलोकन किया। म्यूजियम में विधान सभा संचालन के विभिन्न डिजिटल दृश्यों, मॉडल्स और चित्रों को देखकर विभिन्न देशों के अधिकारीगण अभिभूत हुए। इन अधिकारियों ने राजस्थान की गौरवमयी गाथा, वर्तमान राजस्थान व उसकी संरचना, विधान सभा की कार्यप्रणाली तथा विभिन्न प्रक्रियाओं को देखा। उल्लेखनीय है कि 35 देशों के यह अधिकारी दी इण्डियन इन्सटीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में डाटा एनालिटिक्स एण्ड रिस्क विषय पर तीन सप्ताह के अन्तरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे है। यह दल अध्ययन भ्रमण के दौरान जयपुर यात्रा पर है। इस दल में श्रीलंका, म्यांमार, फीजी, गुनिया, केन्या, कम्बोडिया, मैक्सिको, ओमान, किजिग्स्तान, साउथ सूडान, ताजिकिस्तान, ट्रिनिडेड एण्ड टोबेगो, मेडास्कर, इण्डोनेशिया, गाम्बिया, घाना, तंजानिया, ईथिओपिआ, अर्जेन्टिना और भूटान के अधिकारीगण शामिल थे।

# मनीषा देश की पहली महिला एडीसी



वायु सेना की महिला अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर मनीषा पाढ़ी को सशस्त्र बल में भारत की पहली महिला सहायक-डी-कैंप (एडीसी) के रूप में नियुक्त किया गया है। मनीषा देश की पहली महिला एडीसी बनी हैं। उन्हें मिजोरम के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति ने एडीसी नियुक्त किया।

# पुलिस कमिश्नरेट जिला कार्यालयों के स्थान में परिवर्तन




जयपुर ।पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के निर्देश पर कमिश्नरेट के तहत आने वाले जिला कार्यालयों के स्थान में परिवर्तन किया गया है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) आयुक्तालय का कार्यालय कलेक्ट्रेट बनीपार्क के स्थान पर पूर्व होमगार्ड डी.जी. ऑफिस जलेब चौक में, पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) आयुक्तालय का कार्यालय पूर्व पुलिस उपायुक्त (उत्तर) आयुक्तालय के ऑफिस कलेक्ट्रेट बनीपार्क में, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर- द्वितीय) आयुक्तालय का कार्यालय पूर्व पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) आयुक्तालय के ऑफिस मिनी सचिवालय बनीपार्क, सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्रीनगर, आयुक्तालय का कार्यालय पूर्व अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) आयुक्तालय कलेक्ट्रेट बनीपार्क जयपुर में संचालित किया जाएगा।

## 7 साल की कृषा का नाम इंडिया बुक ऑफ रेकॉर्ड में दर्ज
## आदित्य हृदय स्तोत्र के 31 श्लोक दो मिनट 18 सेकंड में पढ़कर सुनाए



टोंक.। टोडारायसिंह क्षेत्र स्थित भासू गांव निवासी 7 साल की कृषा वैष्णव ने संस्कृत में आदित्य हृदय स्तोत्र के 31 श्लोकों को महज 2 मिनट 18 सेकंड में पढ़कर इंडिया बुक ऑफ रेकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाया है। इससे पहले भी कृषा ने अपनी आवाज में शिव तांडव स्त्रोत, महिषासुर मर्दिनी, हरी स्तोत्रम और राम कथा के म्यूजिकल एलबम बनाए हैं। कृषा के पिता डॉ. जयराज वैष्णव भीलवाड़ा में महात्मा गांधी हॉस्पिटल में ईएनटी विशेषज्ञ हैं। कृषा के दादा रामनिवास वैष्णव ने बताया कि कृष्णा जब चार साल की थी, तब उसने अपनी आवाज में शिव तांडव स्त्रोत, महिषासुर मर्दिनी, हरी स्तोत्रम और राम कथा के म्यूजिकल एलबम बनाए थे। कृषा दूसरी कक्षा की छात्रा है। कृषा संगीत और अन्य कलाओं में भी रुचि रखती है। हारमोनियम जैसे वाद्य यंत्रों का बेहतर तरीके से वादन करने के बीच वर्तमान में वह संगीत की शिक्षा भी ले रही है। कृषा की गायन और वादन दोनों में अच्छी पकड़ होने से हर बार उसका बेहतर प्रदर्शन रहा है।

# पहला राजकुमार केसवानी सम्मान डॉ. वर्तिका नंदा को भोपाल अलंकरण समारोह



खोजी पत्रकारिता और उत्कृष्ट लेखन से ख्याति अर्जित करने वाले राजकुमार केसवानी की स्मृति में बड़ा सम्मान दिया जाएगा। उनके जन्मदिवस 26 नवंबर को पहला राजकुमार केसवानी सम्मान डॉ. वर्तिका नंदा को दिया जाएगा। पुरस्कार में एक लाख एक रुपए, प्रशस्तिपत्र और स्मृति चिह्न शामिल है। नंदा ने भारत में कैदियों के मानवीय अधिकारों पर अरसे तक काम किया है। अलंकरण समारोह भोपाल के माधवराव सप्रे समाचार-पत्र संग्रहालय में होगा। समारोह में गीतकार और लेखक इरशाद कामिल और रूमी जाफरी शामिल होंगे। रंगकर्मी और अभिनेता राजीव वर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। संग्रहालय के संस्थापक विजय दत्त श्रीधर ने बताया कि भोपाल गैस त्रासदी से पहले ही उसके खतरों के बारे में तथ्यों के साथ खुलासा करने वाले केसवानी विलक्षण पत्रकार थे। फिल्मी लेखन की विशिष्ट शैली के कारण लाखों पाठक उनके मुरीद थे। प्रिंट और टेलिविजन मीडिया पर उनकी जबरदस्त पकड़ थी। कोरोना महामारी में राजकुमारजी को हमने खो दिया। दैनिक भास्कर के संपादक रहे केसवानी का %आपस की बात% कॉलम बेहद लोकप्रिय था।

## प्रमुख समाचार

# संविधान देश का सर्वोच्च विधान ही नहीं भारतीय संस्कृति का प्रतिबिम्ब -राज्यपाल



जयपुर, राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि संविधान देश को शासित करने से जुड़ा पवित्र ग्रंथ भर नही है बल्कि यह भारतीय संस्कृति से जुड़े दर्शन और उदात्त जीवन मूल्यों का प्रतिबिम्ब है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान विश्वभर के लोकतंत्रों की सर्वश्रेष्ठ व्याख्या है।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने संविधान दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि नागरिकों में बंधुता, स्वाभिमान और राष्ट्र की एकता से जुड़ा हमारा संविधान देश के आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन का घोषणा पत्र है। संविधान की आस्था 'लोकतंत्रात्मक शासन पद्धति' में है। उन्होंने कहा कि देश में संविधान लागू कर उसे अंगीकृत करने के पीछे मंशा यही रही है कि हम सभी भारतीयों को सार्वभौम जनतांत्रिक गंणतंत्र का आदर्श मिल सके। राज्यपाल श्री मिश्र ने संविधान दिवस पर संविधान से जुड़ी संस्कृति और इससे जुड़े अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों का उदात्त अधिकाधिक प्रसार किए जाने का आह्वान किया है।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजस्थान में पदभार ग्रहण करने के बाद से ही संविधान संस्कृति के प्रसार में निरंतर महती भूमिका निभाई है। उन्हीं की पहल पर राजस्थान के राजभवन में देश का पहला संविधान उद्यान निर्मित किया गया है। इसमें संविधान के सभी भागों और मूल प्रति पर उकेरे गए चित्रों को विभिन्न कला-रूपों में जीवंत किया गया है। राज्यपाल ने विधानसभा के अपने अभिभाषण से पूर्व भी संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों के वाचन की परम्परा का सूत्रपात राजस्थान में किया। इसके अलावा उन्होंने राज्य के सभी वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में युवा पीढ़ी को संविधान से जुड़े अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों की प्रेरणा देने के लिए संविधान वाटिकाओं के निर्माण की भी पहल की है। अपने सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों से पूर्व भी वह आम जन को संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाते हैं।

# साइबर सुरक्षा के प्रयासों व समाधानों के बारे में बताया



सिटी रिपोर्टर । 'सिक्योरिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड नेटवर्क्स' प्रोग्राम सिन कॉन्फ आईईईई एवं हासन कल्योंकु यूनिवर्सिटी तुर्किए के सहयोग से मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर में हुआ। मुख्य अतिथि मेजर जनरल संदीप शर्मा, आर्मी सिगनल कॉर्म्स एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अमनदीप सिंह कपूर, डायरेक्टर सीडीटीआई रहे। मेजर जनरल शर्मा ने साइबर सुरक्षा को लेकर हो रहे अपराधों एवं उनके समाधान के लिए सरकार के प्रयासों के बारे में बताया। आईपीएस डा. अमनदीप सिंह कपूर ने डीप फेक जैसे विषयों से अवगत कराया। यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रो. जीके प्रभु ने यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

# शीतल माउंट एवरेस्ट के पास 21,500 फीट से छलांग लगाने वाली पहली महिला



नई दिल्ली । भारतीय स्काईडाइवर शीतल महाजन ने अपने नाम नया रिकॉर्ड दर्ज कराया है। शीतल ने माउंट एवरेस्ट के सामने 21,500 फीट की ऊंचाई से हेलीकॉप्टर से छलांग लगाने वाली दुनिया की पहली महिला बन गई हैं। पद्मश्री से सम्मानित और कई स्काइडाइविंग रिकॉर्ड धारक 41 वर्षीय महाजन ने 13 नवंबर को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी से यह कारनामा किया। छलांग के बाद वह कालापत्थर में 17,444 फीट की ऊंचाई पर उतरीं। शीतल ने कहा कि यह उनकी सबसे उमदा छलांग है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा गोल्फ लीग का आगाज, 41 टीम लेंगी भाग, हर टीम में 8 खिलाड़ी



जयपुर बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) कॉरपोरेट गोल्फ लीग 2023-24 का सोमवार से शुभारंभ हुआ। लीग के उद्घाटन के लिए रामबाग गोल्फ क्लब (आरजीसी) में ट्रॉफी का अनावरण किया। आरजीसी के कैप्टन व लीग के चेयरमैन शिरीष सचेती ने बताया कि रामबाग गोल्फ क्लब की 10वीं लीग है। बैंक ऑफ बड़ौदा की थर्ड लीग है। इस लीग में 41 टीमें भाग लेंगी, जिसमें प्रत्येक टीम में 8 खिलाड़ी होंगे। यह राउंड रॉबिन फॉर्मेट पर खेला जाएगा। 41 टीमों को लकी ड्रॉ के जरिए 4 ग्रुप ए, बी, सी व डी में बांटा गया है। लीग का फॉर्मेट मैच-प्ले है, प्रारम्भ में 11 सप्ताह तक सभी टीम के गोल्फर्स अपने-अपने ग्रुप्स में राउण्ड रॉबिन लीग मैच खेलेंगे। इसके बाद चारों ग्रुप की टॉप 4 टीम एलीट डिवीजन में जाएंगी। उसकी 4 अगली टीमें प्लेट डिवीजन में जाएंगी व नॉक आउट मैचे खेलेगीं। प्लेट डिवीजन के फाइनल मैच 9 मार्च को खेला जाएगा। एलीट डिवीजन के फाइनल मैच 10 मार्च होंगे।

# संविधान दिवस : विभिन्न स्थानों पर आयोजन 'हमारा संविधान विश्व में सर्वश्रेष्ठ'



जयपुर ।' भारत का संविधान दुनिया भर में सर्वश्रेष्ठ संविधान है। इसकी रक्षा करना, संविधान की मूल भावनाओं का ध्यान रखना व संविधान के अनुसार चलना हमारा दायित्व है।' डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी, राजस्थान की ओर से झालाना स्थित परिसर में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर जिला-सेशन न्यायाधीश एडवोकेट जितेन्द्र मित्रुका ने उक्त उद्गार व्यक्त किए। महासचिव जी.एल.वर्मा ने बताया कि अतिथियों ने संविधान की उद्देशिका का वाचन किया। अध्यक्ष डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि अभिजीत सिंह, डॉ. भागचंद मीणा, डॉ. शशि इन्दुलिया व नरेंद्र अवस्थी सहित अन्य वक्ताओं ने भी संविधान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. महेंद्र आनंद, प्रशांत मेहरड़ा, महेश धावनिया मौजूद रहे।

## पोस्टर का विमोचन

# 'एचआईवी-एड्स की रोकथाम में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण' विशेषज्ञों ने निदान के उपाय भी बताए



जयपुर ।'शुरुआती दौर से अब तक एचआईवी संक्रमण में 59 प्रतिशत तक व एड्स से संबंधित मृत्यु दर में 69 प्रतिशत तक की कमी आई है। वहीं, अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर एड्स की रोकथाम में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।' विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में त्वचा-यौन रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश माथुर ने ये विचार रखे। इस मौके पर पोस्टर का भी विमोचन हुआ।

डॉ. सर्वेश अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष 'समुदायों को नेतृत्व करने दें' थीम पर विश्व एड्स दिवस मनाया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इस रोग की रोकथाम में बाधा बन रही असमानताओं को दूर करने का आह्वान किया है।

मेजर जनरल डॉ. बिजय सारस्वत ने कहा कि दुनिया भर में एचआईवी के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता, एचआईवी पीड़ित लोगों के लिए समर्थन जुटाना और एड्स से संबंधित बीमारियों से बचाव विश्व एड्स दिवस के मुख्य मुद्धे हैं। डॉ. वीणा आचार्य, डॉ. रविन्द्र सिंह रॉव, डॉ. शीतू सिंह व डॉ. एस.एस. सोनी ने भी विचार रखे। साथ ही रोग से निदान के उपाय भी बताए।

# कृष्ण कुमार मीणा ने पदभार ग्रहण किया



जयपुर । ट्रैफिक सर्विस के कृष्ण कुमार मीणा ने जयपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (सीनियर डीसीएम) का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान सीनियर डीसीएम मुकेश सैनी ने मीना को पदभार सौंपा। इससे पहले मीना ने डीआरएम विकास पुरवार से मुलाकात की। गौरतलब हैं कि मीना ने इससे पहले सीनियर डीओएम-जयपुर, डिप्टी सीओएम-मुख्यालय, डीओएम/ एओएम-बीकानेर रह चुके हैं। मीना ने ज्वॉइन करने के बाद कहा कि उनका फोकस बेहतर यात्री सुविधाओं और प्रशासनिक तालमेल पर रहेगा।

# मास्टर्स तैराकी में कोमल ने जीते दो ब्रॉन्ज मेडल



जयपुर , 19 वीं राष्ट्रीय मास्टर्स तैराकी चैंपियनशिप में राजस्थान से कोमल गौतम (बरखेड़ा शिवदासपुरा), दीनदयाल सिंह राजावत, मनीष वैष्णव, आदि ने भाग लिया। इसमें कोमल गौतम जो पिछले 2 वर्ष से स्विमिंग की तैयारी कर रही है। इस चैंपियनशिप में उन्होंने 25 आयु वर्ग से 29 में 100 मी फ्रीस्टाइल इवेंट में भाग लेते हुए ब्रॉन्ज जीता वह इसी के साथ इन्होंने 100 मी बैक स्ट्रोक में ब्रॉन्ज जीता है।



## वाणिज्य समाचार

# सीए अनिल अग्रवाल नेशनल कन्वेंशन को करेंगे संबोधित



जयपुर । द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की ओर से अहमदाबाद आयोजित में होने वाले तीन दिवसीय ग्लोबल प्रोफेशनल अकाउंटेंट्स कन्वेंशन में जयपुर के एनएवी इंडिया के एमडी सीए अनिल अग्रवाल देशभर से आने वाले पांच हजार से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को संबोधित करेंगे। इस ग्लोबल लेवल कन्वेंशन को संबोधित करने वाले जयपुर से अनिल अग्रवाल एकमात्र सीए होंगे।

## : श्री वासुदेव मालावत

## प्लास्टिक वेस्ट रिसाईक्लिंग पर स्टार्ट-अप के साथ परिचर्चात्मक बैठक का आयोजन

प्लास्टिक वेस्ट रिसाईक्लिंग पर स्टार्ट-अप के साथ परिचर्चात्मक बैठक का आयोजन

# 'प्लास्टिक वेस्ट मुक्त शहर' के रुप में उदयपुर को बनायें देश का रोल मॉडल



उदयपुर। "प्लास्टिक अत्यन्त उपयोगी मटीरियल है किन्तु प्लास्टिक वेस्ट की लगातार बढती जा रही मात्रा एक बडी समस्या है। यदि इसे रिसाईकल कर के पुन: उपयोग में ले लिया जाये तो इस समस्या का निराकरण हो सकेगा। इसको रिसाईकल कर पुन: उपयोग में लेने के लिये जागरुकता उत्पन्न करने की आवश्यकता है।"

उपरोक्त विचार नगर निगम आयुक्त श्री वासुदेव मालावत ने दी।

उदयपुर इण्डस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेन्ट एण्ड रिसर्च सेन्टर द्वारा उदयपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इन्डस्ट्री के संयुक्त तत्वावधान में तथा 'फिनिलूप' के सहयोग से यूसीसीआई भवन के पायरोटेक टेम्पसन्स सभागार में 'प्लास्टिक वेस्ट के निस्तारण पर स्टार्ट-अप प्रतिनिधियों के साथ एक परिचर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के आरम्भ में अध्यक्ष श्री संजय सिंघल ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि उदयपुर को प्लास्टिक वेस्ट मुक्त शहर बनाने में यूसीसीआई सहयोग हेतु पूर्ण रुप से तत्पर है। शहर के नागरिकों में उदयपुर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के प्रति जागरुकता उत्पन्नन किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

नगर निगम उदयपुर के आयुक्त श्री वासुदेव मालावत ने अपने सम्बोधन में उदयपुर शहर को प्लास्टिक वेस्ट मुक्त शहर के रुप में देश का रोल मॉडल बनाये जाने का आव्हान किया। इस हेतु नगर निगम एवं निजी क्षेत्र को साथ मिलकर कार्य करने का आव्हान किया।

फिनीश सोसायटी के चीफ ऑफ ऑपरेशन्स श्री सौरभ अग्निहोत्री ने कार्यक्रम की विषयवस्तु प्रस्तुत करते हुए स्टार्ट-अप प्रतिनिधियों का कार्यक्रम में स्वागत किया। साथ ही हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के अनुपम निधि ने प्लास्टिक वेस्ट रिसाईक्लिंग कार्यक्रम की आवश्यकता एवं युवा वर्ग की भागीदारी का आव्हान किया।

एस्पायर लैब के श्री अजय बत्रा कमेटी सदस्यों का परिचय प्रस्तुत किया।

तकनिकी सत्र में विभिन्न स्टार्ट-अप के प्रतिनिधियों द्वारा प्लास्टिक वेस्ट को पुन: उपयोग में लेने बाबत परिचर्चा में भाग लिया।

द्वितीय सत्र में श्री जेरॉन इलगॉसे, सुश्री वान ही बर्ग, श्री अभिनव रामारिया एवं श्री सौरभ अग्निहोत्री ने शहर के प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट व रेगुलेशन अपडेट्स के बारे में प्रतिभागियों को अवगत कराया।

अधिशाषी अधिकारी डॉ. साक्षी जैन ने प्लास्टिक वेस्ट प्रबन्ध में अवसर एवं चुनौतियां विषय पर प्रेजेनटेशन दिया ।

कार्यक्रम में यूसीसीआई की वरिष्ठ उपाध्यक्षा डॉ. अंशु कोठारी, आई.आई.एम.-उदयपुर से श्री अंकित गर्ग, टाई उदयपुर से विनय राठी ने भी विचार रखे।

**भवदीय,**

**वास्ते - उदयपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री**

**मनीष गलुण्डिया, मानद महासचिव**

# राष्ट्रीय कैडेट कोर के 75वें स्थापना दिवस एयर कमोडोर ने ध्वजारोहण किया, कैडेट्स को संदेश दिया

जयपुर। राजस्थान निदेशालय एनसीसी ने गांधीनगर एनसीसी : कांप्लेक्स में 75वां राज्य स्तरीय : एनसीसी स्थापना दिवस मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान एनसीसी के उपमहानिदेशक एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा ने किया। जयपुर मुख्यालय के ग्रुप कमांडर कर्नल वीरेन्द्र कुमार समारोह के मुख्य अतिथि एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा का स्वागत किया। एनसीसी ध्वज फहराया गया। एनसीसी गीत प्रस्तुत किया गया। राजस्थान निदेशालय की आरडीसी टीम के चयन के लिए आयोजित इंटर ग्रुप प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करने के लिए एक समारोह भी आयोजित किया गया। एनसीसी महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह का संदेश भी पढ़ा गया। एयर कमोडोर सत्येन्द्र शर्मा ने अपने भाषण में कैडेटों को आगामी शिविरों में भी अच्छा प्रदर्शन करने और नई दिल्ली में आरडीसी परेड के दौरान राजस्थान राज्य का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। एयर कमोडोर सत्येन्द्र शर्मा ने भी उसी स्थान पर आरडीसी कैंप के अपने दिनों को याद किया। एयर कमोडोर सत्येन्द्र शर्मा ने चल रहे शिविर का निरीक्षण किया। शिविर के दौरान कर्मचारियों और कैडेटों के प्रयासों की सराहना की। मुख्य अतिथि ने गार्ड का निरीक्षण किया, राजस्थान निदेशालय के उच्च अधिकारियों, चारों ग्रुप मुख्यालयों के साथ-साथ जयपुर ग्रुप मुख्यालय के अधीन आने वाली सभी बटालियन के कमान अधिकारियों, सहयोगी एनसीसी अधिकारियों एवं स्टाफ से मुलाकात की।

# फोर्टी ने किया प्रदेश में 80 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पार करने का संकल्प



विधानसभा चुनावों में इस बार छत्तीसगढ़ में 75.8 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 76.22 मतदान हुआ है। राजस्थान में निर्वाचन विभाग ने 80 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा है। इसमें प्रदेश के सभी उद्योग और व्यापार संगठन भी इस मुहिम में जुट गए हैं। फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) के प्रदेश में 2 लाख से ज्यादा उद्योग और व्यापार के प्रतिनिधि सदस्य 25 नवम्बर को अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों और मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों में काम करने वाले कर्मचारी और मजदूरों को सवैतनिक अवकाश देंगे। फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल का कहना है कि राजस्थान इस बार मतदान में नया कीर्तिमान बनाएगा। राजस्थान में 2013 के विधानसभा चुनाव में कुल 74.38 प्रतिशत मतदान हुआ था। हम सब के प्रयासों से इस बार प्रदेश में 80 प्रतिशत से ज्यादा मतदान का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। फोर्टी ने सभी व्यापारी वर्ग से अपील की है कि मतदान में परिवार के सदस्य और संस्थानों के कर्मचारी कोई भी मतदान किए बिना नहीं रहना चाहिए। पूरे प्रदेश में सभी जिला और तहसील स्तर पर हमारी सभी शाखाएं इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लक्ष्य पर काम कर रही हैं। फोर्टी वुमन विंग प्रदेश की महिलाओं को मतदान के लिए आगे लाने और फोर्टी यूथ विंग ने युवाओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया है।

# इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने लगाई स्टॉल, साढ़े छह लाख रुपए से अधिक के उत्पादों की बिक्री

जयपुर। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर आयोजित किया गया। मेले में राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा स्टॉल लगाकर खादी उत्पादों की बिक्री की गई।

बोर्ड की सचिव डॉ.ज्योति चौहान ने बताया कि बोर्ड की स्टॉल पर 6 लाख 55 हजार रुपए के खादी उत्पादों की बिक्री हुई जो गत वर्षों की तुलना में अधिक रही । उन्होंने बताया कि देशी विदेशी पर्यटकों सहित मेले में आने वाले आगंतुकों ने राजस्थान के खादी उत्पादों की सराहना की। डॉ.चौहान ने बताया कि एमएसएमई विभाग,राजस्थान की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती वीनू गुप्ता ने भी बोर्ड द्वारा लगाई स्टॉल का अवलोकन किया।

उन्होंने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी जयपुर के एमआई रोड स्थित रामलीला मैदान में 25 दिसंबर 2023 से 30 जनवरी 2024 तक राष्ट्रीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा

# राडा का दिवाली स्नेह मिलन समारोह संपन्न



जयपुर। बिड़ला ऑडिटोरियम में राजस्थान ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) की ओर दिवाली स्नेह मिलन समारोह मनाया गया। इसमें राडा के पूर्व अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल और बलवीर सिंह अरोड़ा का सम्मान किया गया। राडा के अध्यक्ष चानणमल अग्रवाल और सचिव राजन सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि ऑटोमोबाइल सेक्टर राजस्थान में व्यापार और रोजगार की धुरी है।

# फॉक्सकॉन भारत में निवेश करेगा 13 हजार करोड़ रुपए

नई दिल्ली । एपल के लिए आइफोन बनाने वाली ताईवानी कंपनी फॉक्सकॉन जिसे होन हाई प्रीसिजन इंडस्ट्री के नाम से भी जाना जाता है, भारत में विस्तार योजना के तहत 1.6 बिलियन डॉलर यानी करीब 13,000 करोड़ रुपए निवेश करने जा रही है। 27 नवंबर 2023 को कंपनी ने ताईवान में एक एक्सचेंज फाइलिंग में यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि ऑपरेशनल जरुरतों को पूरा करने के लिए ये निवेश किया जा रहा है। यह निवेश कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट लेकर होगा। फॉक्सकॉन का आधा से ज्यादा रेवेन्यू एपल से आता है। कंपनी आइफोन के अलावा दूसरे प्रोडक्ट्स पिछले कई वर्षों से भारत में बना रही है। आइफोन 15 की मैन्युफैक्चरिंग फॉक्सकॉन ने ही भारत में की है। फॉक्सकॉन भारत में अपने साइज को डबल करना चाहती है।